# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल पन्ना (म0प्र0)

पता – डायमण्ड चौराहा जगात चौकी, पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) पिन : 488001

E-Mail :-dfotnpanna@mp.gov.in

Fax & Phone :- 07732-252029


क्रमांक / मा0चि0 / 2022 / 1097

प्रति,

पन्ना, दिनांक 15|3|22

परियोजना प्रबंधक,
मध्यप्रदेश अर्बन डवलपमेंट कं.लि.
नगरीय विकास एवं आवास विभाग, छतरपुर

विषय :– पन्ना जिले में पन्ना मिनी स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित अटल प्रशिक्षण केन्द्र में योगा एवं मेडीटेशन गतिविधि हेतु 0.99 हेक्टेयर वन भूमि मध्यप्रदेश अर्बन डवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड नगरीय विकास एवं आवास विभाग छतरपुर को उपयोग पर देने बावत् ऑनलाईन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/Other/150967/2022

संदर्भ :– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 1115 / 2022 / 10–11 / 878 भोपाल दिनांक 11.03.2022

---00---

विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से पन्ना जिले में पन्ना मिनी स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित अटल प्रशिक्षण केन्द्र में योगा एवं मेडीटेशन गतिविधि हेतु 0.99 हेक्टेयर वन भूमि का प्रस्ताव शासन की ओर प्रेषित किया गया था। जिसमें संदर्भित पत्र के माध्यम से सैद्धान्तिक अनुमति अधिरोपित शर्तों के अधीन प्राप्त हुई है जिसके संदर्भ में लेख है कि अधिरोपित शर्तों के तहत् एन. पी.व्ही. की राशि एवं वृक्षारोपण की राशि जमा करने के साथ–साथ अधिरोपित शर्तों का शर्तवार पालन प्रतिवेदन ऑनलाईन वेब पोर्टल पर अपलोड करते हुये इस कार्यालय में भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि वरिष्ठ की ओर शीघ्र औपचारिक अनुमति हेतु प्रेषित की जा सके।

1. स्वीकृति की शर्त क्रमांक 02 अनुसार एन.पी.व्ही. की राशि 948202.00 रूपये ऑनलाईन कैम्पा मद में जमा करते हुये पावती प्रति उपलब्ध करावें।
2. स्वीकृति की शर्त क्रमांक 04 अनुसार 100 वृक्षों की राशि 2000.00 रूपये प्रति वृक्ष की दर से रूपये 200000.00 (दो लाख मात्र) ऑनलाईन कैम्पा मद में जमा करते हुये पावती प्रति उपलब्ध करावें।
3. स्वीकृति की शर्त क्रमांक 07 अनुसार एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध करावें।

**संलग्न :– स्वीकृति की छायाप्रति।**

वन मंडलाधिकारी
उत्तर वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

पृ0क्र0 / मा0चि0 / 2022 / 1098

पन्ना, दिनांक 15/03/22

प्रतिलिपि :– 1. मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर, पन्ना जिला पन्ना की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मंडलाधिकारी
उत्तर वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

E/DM2021/Latter 2022